All India Media Association
(Under Operating By AIMAMEDIA Foundation)

चंदौली: पौने चार लाख के नकली नोट के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

Aimamedia. के धानापुर पुलिस ने गुरुवार को पौने चार लाख के नकली नोटों के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा। आरोपी लंबे समय से नकली नोटों को बाजार में खपाता था। एएसपी विनय सिंह ने पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस कांफ्रेस में इसका खुलासा किया। इससे पहले भी धानापुर में डेढ़ लाख के नकली नोट पकड़े जा चुके हैं।एएसपी ने बताया कि गुरुवार को पुलिस को सूचना मिली कि चोचकपुर पीपा पुल के पास जाली नोट व जाली नोट छापने वाली मशीन के साथ आरोपी मौजूद है और किसी का इंतजार कर रहा है। अगर जल्दी किया जाए तो पकड़ा जा सकता है। मुखबीर सूचना पर विश्वास करते हुए थाना प्रभारी धानापुर द्वारा मुखबिर खास की निशानदेही पर चोचकपुर पुल के पास पहुंचकर एक व्यक्ति जो हाथ में झोला लिए गत्ते के डिब्बे पर बैठा था, उसको घेरकर पकड़ लिया गया। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान गोपाल पांडेय निवासी भलुवाही थाना बघैला जनपद रोहतास बिहार के रूप में हुई।तलाशी में गत्ते में एक प्रिंटर, अलग- अलग रंग के इंक व केबल मिले। तीन अदद मुद्रा छापने वाला पेपर व विभिन्न सीरियल नं0 के 03 लाख 75 हजार जाली भारतीय मुद्रा मिले। जिसमें 100 रुपये के 1700 जाली नोट तथा 500 रुपये के 410 जाली नोट मिले।

Source:
https://aimamedia.org/newsdetails.aspx?nid=244020&state=Chandauli,%20Uttar%20Pradesh%20(UP)&title=%E0%A4%9A%E0%A4%82%E0%A4%A6%E0%A5%8C%E0%A4